# जन–सुनवाई कार्यवृत्त

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित खनन परियोजना मैसर्स जय माँ माईन्स एण्ड मिनरल्स, एम.एल. नम्बर 31/2024, रेफरेन्स नम्बर 202410000110545, क्षेत्रफल 9.3385 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 7,18,400 टी.पी.ए. (रोम) निकट ग्राम खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 112.9342 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता– 93,79,824 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है में बजरी, बॉल क्ले, ग्रेवल, कंकर, सिलिका सेंड एवं मुर्ररम के खनन को पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई जिला कलक्टर बीकानेर के प्रतिनिधि श्री राजेश कुमार नायक, उपखण्ड अधिकारी, कोलायत, बीकानेर की अध्यक्षता में एवं क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर की उपस्थिति में **ग्राम पंचायत भवन खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर** में दिनांक **02.12.2025** को दोपहर 2.00 बजे आयोजित की गई।

जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट "अ"** पर सलंग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति दिनांक 25.10.2025 को समाचार पत्र 'दैनिक युगपक्ष' एवं दिनांक 27.10.2025 को 'राजस्थान पत्रिका' में प्रकाशित करवाई गई थी जिसकी प्रतियाँ **परिशिष्ट "ब"** पर संलग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, बीकानेर ने सभी आगुन्तको का स्वागत करते हुए अवगत करवाया कि उक्त जनसुनवाई वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचनाओं में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें जिला कलक्टर महोदय की तरफ से उपखण्ड अधिकारी, कोलायत को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उक्त जन सुनवाई की सूचना दो समाचार पत्रों में 30 दिवस पूर्व दी जा चुकी है। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी। सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात उपस्थित आमजन खनन परियोजना के सम्बन्ध में आपत्ति या सुझाव दर्ज करवा सकते है। उक्त जनसुनवाई की विडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। जनसुनवाई की विडियोग्राफी एवं दिये गये आक्षेप/सुझाव क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) को प्रेषित कर दिये जायेगें। इसके पश्चात उपखण्ड अधिकारी, कोलायत की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स जय माँ माईन्स एण्ड मिनरल्स** के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **मैसर्स यूनिवर्सल एन्वायरोटेक"** को आमंत्रित किया गया।

क्षेत्रीय अधिकारी
राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर

उपखण्ड अधिकारी
कोलायत जिला–बीकानेर

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **"मैसर्स यूनिवर्सल एन्वायरोटेक"** के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत बताया गया कि उक्त खनन परियोजना निकट ग्राम खारी चारनान, तहसील–कोलायत जिला–बीकानेर में अप्रधान खनिज– बजरी, बॉल क्ले, ग्रेवल, कंकर, सिलिका सेंड एवं मुर्ररम के खनन हेतु प्रस्तावित है **जिसका एम.एल. नम्बर 31/2024, रेफरेन्स नम्बर 2202410000110545,** कुल खनन क्षेत्रफल **9.3385** हेक्टेयर तथा उत्पादन क्षमता **7,18,400 टी.पी.ए. (रोम)** {**कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 112.9342 हैक्टेयर एवं कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता– 93,79,824 टी.पी.ए.(रोम)**} होगी। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, क्लस्टर परियोजना का विवरण मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारे में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

खनन इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

उपखण्ड अधिकारी, कोलायत द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त ग्रामवासियों का स्वागत करते हुए बताया कि ग्रामवासियों द्वारा आक्षेप लगाया गया है कि जनसुनवाई से पूर्व गाँव में सही तरीके से प्रचार–प्रसार नहीं किया गया है। उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित ग्रामवासियों को बताया गया कि सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। उपखण्ड अधिकारी, कोलायत द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों को कहा जो जनसुनवाई में उपलब्ध है वो अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्तियाँ दर्ज करवा सकते है यह आक्षेप लगाना की सही तरीके से प्रचार–प्रसार नहीं करने के कारण अन्य ग्रामवासियों को जनसुनवाई का अवसर नहीं मिला यह तर्क संगत नहीं है। उपखण्ड अधिकारी, कोलायत द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त ग्रामवासियों को अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्तियाँ लिखित अथवा मौखित रूप से दर्ज करवाने का भी निवेदन किया गया।

क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु पुनः आमंत्रित किया गया।

क्षेत्रीय अधिकारी
राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर

उपखण्ड अधिकारी
कोलायत जिला–बीकानेर

अन्त में ग्रामवासियों द्वारा अन्य कोई आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उपखण्ड अधिकारी महोदय की अनुमति से क्षेत्रीय अधिकारी ने जनसुनवाई के समापन की घोषणा की एवं उपखण्ड अधिकारी महोदय तथा उपस्थित जन समुदाय का जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट किया। जनसुनवाई के दौरान ग्रामवासियों द्वारा आपत्ति दर्ज करवाते हुए हस्ताक्षर करने से मना किया गया। जनसुनवाई के दौरान एक लिखित आक्षेप प्राप्त हुआ है जो **परिशिष्ट "स"** पर संलग्न है।

**(राजकुमार मीणा)**
**क्षेत्रीय अधिकारी**
**रा.रा.प्र.नि.म., बीकानेर**
राज. राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर

**(राजेश कुमार नायक)**
**उपखण्ड अधिकारी, कोलायत**
**बीकानेर**
उपखण्ड अधिकारी
कोलायत जिला–बीकानेर

# उपस्थिति पजिंका

प्रस्तावित खनन परियोजना मैसर्स जय माँ माईन्स एण्ड मिनरल्स, एम.एल. नम्बर 31/2024, रेफरेन्स नम्बर 202410000110545, क्षेत्रफल 9.3385 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 7,18,400 टी.पी.ए. (रोम) निकट ग्राम खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि क्लस्टर परियोजना {एम.एल नम्बर 31/2024, एम.एल. नम्बर 20/2023, एम.एल. नम्बर 42/2022, एम.एल. नम्बर 25/2021, एम.एल. नम्बर 39/2018, एम.एल. नम्बर 02/2024, एम.एल. नम्बर 24/2021, एम.एल. नम्बर 21/2022, एम.एल. नम्बर 04/2023, एम.एल. नम्बर 17/2023, एम.एल. नम्बर 27/2020, एम.एल. नम्बर 27/2024, एम.एल. नम्बर 18/2023, एम.एल. नम्बर 77/2019, एम. एल. नम्बर 37/2020, एम.एल. नम्बर 33/2020, एम.एल. नम्बर 31/2020, एम.एल. नम्बर 23/2020, एम.एल. नम्बर 80/2019, एम.एल. नम्बर 19/2024, एम.एल. नम्बर 25/2024, एम. एल. नम्बर 31/2023} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 112.9342 हैक्टेयर कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–93,79,824 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है में बजरी, बॉल क्ले, ग्रेवल, कंकर, सिलिका सेंड एवं मुर्ररम के खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 02.12.2025 को आयोजित जन सुनवाई की बैठक।

स्थानः– ग्राम पंचायत खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर
दिनांकः–02.12.2025 समय दोपहर 2.00 बजे।

| क्र.स. | नाम | पद एवं विभाग/कार्यालय/निवासी | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1 | राजेश कुमार नागर | उपखंड अधिकारी, कोलायत | [signature] |
| 2 | Rajkumar Meena | R.O. RSPCB Bikaner | [signature] |
| 3 | हितेन्द्र शर्मा | बीकानेर | हितेन्द्र शर्मा |
| | जितेन्द्र सिंह | धडसाना | [signature] |
| | हरजिन्द्र सिंह | धडसाना | [signature] |
| | Hukam Chand | धडसाना | [signature] |
| | राम कुमार कुम्हार | बीकानेर (कोलायत) | [signature] |
| | विजयसिंह | धडसाना | [signature] |
| | Ishan | बीकानेर | Ishan |
| | Mohan | बीकानेर | [signature] |
| | Tushar Solanki | बीकानेर | [signature] |
| | राकेश कुमार | पर्यावरणीय सलाहकार जयपुर | [signature] |

# उपस्थिति पजिंका

प्रस्तावित खनन परियोजना मैसर्स जय माँ माईन्स एण्ड मिनरल्स, एम.एल. नम्बर 31/2024, रेफरेन्स नम्बर 202410000110545, क्षेत्रफल 9.3385 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 7,18,400 टी.पी.ए. (रोम) निकट ग्राम खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि क्लस्टर परियोजना {एम.एल नम्बर 31/2024, एम.एल. नम्बर 20/2023, एम.एल. नम्बर 42/2022, एम.एल. नम्बर 25/2021, एम.एल. नम्बर 39/2018, एम.एल. नम्बर 02/2024, एम.एल. नम्बर 24/2021, एम.एल. नम्बर 21/2022, एम.एल. नम्बर 04/2023, एम.एल. नम्बर 17/2023, एम.एल. नम्बर 27/2020, एम.एल. नम्बर 27/2024, एम.एल. नम्बर 18/2023, एम.एल. नम्बर 77/2019, एम.एल. नम्बर 37/2020, एम.एल. नम्बर 33/2020, एम.एल. नम्बर 31/2020, एम.एल. नम्बर 23/2020, एम.एल. नम्बर 80/2019, एम.एल. नम्बर 19/2024, एम.एल. नम्बर 25/2024, एम.एल. नम्बर 31/2023} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 112.9342 हैक्टेयर कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–93,79,824 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है में बजरी, बॉल क्ले, ग्रेवल, कंकर, सिलिका सेंड एवं मुर्रम के खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 02.12.2025 को आयोजित जन सुनवाई की बैठक।

स्थानः– ग्राम पंचायत खारी चारनान, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर
दिनांकः–02.12.2025 समय दोपहर 2.00 बजे।

| क्र.स. | नाम | पद एवं विभाग/कार्यालय/निवासी | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | Arvind Kumar | Universal Env. Jaipur | [signature] |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

सेवा मे,

श्री मान SDM साब
श्री कोलायत

महोदय जी

परियोजना प्रस्तावक: मैसर्स जय माँ बड मिनरल्स को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए सामुहिक लोक जनसुनवाई।

मैरा गाँव मे कोई जनसुनवाई कि किसी व्यक्ति को कृपय सुचना नही करवाई गई तो इस सबलोक का कहना है महोदय जी से कि आगामी दीनों में गाँव को लोगों को सुचीत कर के दुबारा जन सुनवाई करवाये।

नैनाराम

मनाराम मूलाराम [illegible]

Bhagwan

कैलाश

लेखराम

भुराराम